**आकाशवाणी**
**देहरादून (उत्तराखण्ड)**

**शुक्रवार 27.12.2024** **समय1830**

**मुख्य समाचार :–**

- **राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।**
- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– डॉ. सिंह को एक ईमानदार व्यक्ति, महान अर्थशास्त्री और सुधारों के लिए समर्पित नेता के रूप में याद किया जाएगा।**
- **प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए आज से नामांकन प्रकिया शुरू।**
- **राज्यपाल गुरमीत सिंह ने युवाओं से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया।**
- **राजधानी देहरादून समेत राज्य के अन्य हिस्सों में दोपहर बाद से हल्की बारिश का दौर जारी। प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का अनुमान।**

**पूर्व प्रधानमंत्री**
भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का कल नई दिल्ली में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लंबे समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। डॉ. मनमोहन सिंह 2004 से 2014 तक भारत के 13वें प्रधानमंत्री रहे। उनके परिवार में पत्नी गुरशरण कौर और तीन बेटियां हैं। डॉ. सिंह का जन्म 26 सितंबर 1932 को अविभाजित भारत के पंजाब प्रांत के एक गांव में हुआ था। डॉ. सिंह प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के मंत्रिमंडल में वित्त मंत्री भी थे।

**श्रद्धांजलि**
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को उनके आवास पर श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि डॉ. सिंह उन असाधारण राजनेताओं में से एक थे, जिन्होंने शिक्षा और प्रशासन की दुनिया में समान रूप से सहजता से काम कियझं एक वीडियो संदेश में श्री मोदी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर पूरा राष्ट्र शोक में है। उन्होंने कहा कि उनका जीवन भावी पीढी के लिए एक मिसाल है कि लोग किस तरह संघर्ष से उबरते हुये उपलब्धियों की ऊंचाई पर पहुंच सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पी वी नरसिम्हराव मंत्रिमण्डल में रहते हुए डॉ. सिंह ने देश की आर्थिक स्थिति को नई दिशा प्रदान की। यह वो समय था जब देश आर्थिक संकट से गुजर रहा था। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह सामान्य पृष्ठ भूमि के मूल्यों को कभी नहीं भूले।

**श्रद्धांजलि–02**
राज्यपाल गुरमीत सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश के कांग्रेस नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि साधारण पृष्ठभूमि से उठकर डॉ. मनमोहन सिंह ने एक सम्मानित अर्थशास्त्री के रूप में अपनी पहचान बनाई। वित्त मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी और प्रधानमंत्री के रूप में उनकी नीतियां सामाजिक तथा आर्थिक सुधार का आधार बनीं।

देहरादून स्थित राज्य कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डाक्टर सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की अंतिम यात्रा कल सवेरे साढे नौ बजे नई दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय से शमशान घाट तक जाएगी।

**निकाय चुनाव**

प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन प्रक्रिया 30 दिसंबर तक चलेगी। निकाय चुनाव को लेकर प्रदेश के सभी निकाय क्षेत्रों में सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गये हैं। नामांकन के लिए चंपावत जिले में 200 कार्मिक तैनात किए गए हैं। चंपावत नगर पालिका के रिटर्निंग ऑफिसर धनपत कुमार ने बताया कि रविवार को भी नामांकन कार्य होगा। उन्होंने बताया कि सामान्य प्रत्याशियों के लिए नामांकन शुल्क 500 रुपये जबकि आरक्षित वर्ग के प्रत्याशियों के लिए नामांकन शुल्क 250 रुपये है। इसी तरह पौड़ी, अल्मोड़ा, चमोली, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, टिहरी, ऊधमसिंह नगर और पिथौरागढ़ में भी नामांकन प्रक्रिया जारी है। पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गिरी गोस्वामी ने बताया कि निकाय चुनाव को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि जिले में नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से चल रही है। निकाय चुनाव के लिए 23 जनवरी को मतदान और 25 जनवरी को मतगणना होगी।

**दीक्षांत समारोह**

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने युवाओं से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत में विशाल युवा शक्ति है, जो राष्ट्र को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उसे विश्व गुरु के रूप में स्थापित करने में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। दून विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने युवाओं से नवाचार अपनाने और उद्यमिता के माध्यम से देश के आर्थिक विकास को गति देने का आह्वान किया। समारोह में स्नातक, परास्नातक और पीएच.डी. के 716 छात्रों को उपाधियां प्रदान की गयी।

**बारिश/बर्फबारी**

राजधानी देहरादून समेत राज्य के अन्य हिस्सों में दोपहर बाद से हल्की बारिश का दौर जारी है। बारिश के चलते मौसम सर्द हो गया है। मौसम विभाग ने अगले 36 घंटे के लिए प्रदेश के 2 हजार 5 सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक विक्रम सिंह ने बताया कि 27 और 28 दिसंबर को राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फबारी का अनुमान है। मौसम विभाग ने वाहन चालकों को सतर्कता के साथ आवाजाही करने का आग्रह किया है। साथ ही लोगों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी है।

**साइबर क्राइम**

साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रदेश में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में चंपावत में पुलिस– विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थानों और फेसबुक के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचने की सलाह दे रही है। पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने बताया कि साइबर सेल के माध्यम से 785 मामले प्रकाश में आए हैं, जिनमें से 721 मामलों का समाधान किया जा चुका है।

**टीबी**

7 दिसंबर से शुरू हुए 100 दिवसीय टीबी निक्षय शिविर अभियान के तहत रुद्रप्रयाग जिले में अब तक आयोजित 123 शिविरों में 6 हजार 3 सौ 90 लोगों की जांच की जा चुकी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश ने बताया कि 24 मार्च तक चलने वाले इस अभियान के तहत टीबी रोगियों को खोजने के प्रयास तेज किए जा रहे हैं।